जटिल ऑपरेशन के बाद पैरों पर खड़ी हुई रिचा

नई दिल्ली, (ब्यूरो): दिल्ली के डॉक्टरों ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। दोनों कूल्हों की हड्डी टूटने के कारण दिल्ली की रिचा दो साल से बेड पर पड़ी थीं। मोटापे की शिकार रिचा के अत्यधिक वजन के कारण उनके दोनों कूल्हों की हड्डी टूट गई थी। रिचा अपने रोजमर्रा के काम तक नहीं कर पाती थीं, संत परमानंद अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने दो चरणों में ऑपरेशन कर रिचा को चलने-फिरने लायक बनाया है।

अत्यधिक वजन से टूट गई थीं दोनों हड्डियां

संत परमानंद अस्पताल में हुआ जटिल ऑपरेशन

डॉक्टरों का कहना है कि रिचा के वजन के कारण उन्हें एनस्थीसिया देना मुश्किल था। संत परमानंद अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर साइमन थॉमस ने बताया कि रिचा को हाईपोटेंसिव एनस्थीसिया दिया गया था। जिससे रिचा का ब्लड प्रेशर कम किया गया। इसके लिए उनकी रीढ़ की हड्डी में इंजेक्शन लगाकर उनके पैरों को सुन्न किया गया था। इससे पहले भी रिचा एक बार ऑपरेशन करा चुकी थी, लेकिन ऑपरेशन सफल नहीं हुआ था। ऑपरेशन के बावजूद भी रिचा चलने-फिरने में असफल रही थीं। संत परमानंद अस्पताल के डॉ. शेखर अग्रवाल के नेतृत्व में डॉ. गौरव राठौर, डॉ. साइमन थॉमस, डॉ. बीएन सेठ और डॉ. वी कल्ला की टीम ने दो चरणों में ऑपरेशन कर रिचा को चलने-फिरने लायक बनाया है। फिलहाल रिचा अपने रोजमर्रा के काम आसानी से कर लेती हैं।